
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सीएम ने किया दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन योजना का शुभारंभ

**शुभारंभ**

## दुग्ध उत्पादकों को डी.बी.टी के माध्यम से दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को आई.आर.डी.टी ऑडिटोरियम, सर्वे चौक, देहरादून में दुग्ध विकास विभाग के अंतर्गत संचालित दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन योजना का शुभारंभ किया एवं योजना के अंतर्गत दुग्ध उत्पादकों को डी. बी.टी के माध्यम से दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा मैदानी क्षेत्रों के दुग्ध समितियों के सचिव हेतु 50 पैसा प्रति लीटर दूध में प्रोत्साहन राशि एवं पर्वतीय क्षेत्रों में दुग्ध समितियों के सचिवों हेतु/1 प्रति लीटर दूध में प्रोत्साहन राशि बढ़ाए जाने की घोषणा की। दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन राशि को 4 प्रति लीटर से बढ़ाकर ६ 5 प्रति लीटर किए जाने की घोषणा के साथ ही हल्द्वानी में दुग्ध विकास विभाग के निदेशालय




हेतु जल्द से जल्द धनराशि जारी करने की घोषणा की।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दूध उत्पाद काश्तकारों से जुड़ी हर समस्या का समाधान सभी विभागों के साथ समन्वय बनाकर किया जा रहा है। उन्होंने कहा आज इस दूध मूल्य प्रोत्साहन योजना से करीब 53,000 लोगों को सीधे–सीधे लाभ होगा। उन्होंने कहा यह राशि डी बी टी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के खातों में जाएगी, उन्होंने कहा इस तरह की योजना आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी के मंत्र सबका साथ सबका विकास एवं सबके विश्वास के साथ हमारी सरकार लगातार हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा दुग्ध क्रांति के क्षेत्र में हम सभी की सामूहिक भूमिका है। उन्होंने कहा 25 वर्ष में दुग्ध बागवानी एवं पशुपालन जैसे हर क्षेत्र में हमारा राज्य नंबर वन बने इसके लिए हमारी सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कहा उत्तराखंड के विकास यात्रा हम सभी की सामूहिक यात्रा है। दूध उत्पादों से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समाधान करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है उन्होंने कहा आने वाले समय में सरकार दूध विकास विभाग के साथ समन्वय कर इससे जुड़े लोगों को प्रशिक्षण देगी जिससे आगे दूध उत्पादन बढ़ाए जाने पर सरलता मिलेगी।

कैबिनेट मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने कहा कि हम सभी आपसी तालमेल एवं सहयोग से उत्तराखंड में श्वेत क्रांति लाएंगे। उन्होंने कहा दुग्ध उत्पाद क्षेत्र में हमारा प्रदेश आत्मनिर्भर, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सक्षम बने इसके लिए विभाग लगातार नई योजना धरातल में उतारने का काम कर रहा है। विभिन्न जिलों से आए दुग्ध विकास समिति के अध्यक्षों का धन्यवाद करते हुए उन्हें और लगन और धरातल में उतर कर कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

## न्यूज डायरी

### आनलाइन धान खरीद बंद, भड़के किसान

**संवाददाता** बाजपुर। आनलाइन धान खरीद पोर्टल बंद होने से क्षेत्र के क्रय केंद्रों पर धान खरीद प्रक्रिया ठप हो गई है। इससे गुस्साए किसानों ने एसएमआइ विभाग के क्रय केंद्र पर विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की। उन्होंने सरकार पर परेशान करने का आरोप लगाया। साथ ही धान खरीद की व्यवस्था जल्द शुरू न होने पर 10 दिसंबर को भगत सिंह चौक पर धान से लदी ट्रॉलियों के साथ प्रदर्शन की चेतावनी दी है। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा की अगुवाई में बुधवार को किसानों ने कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में स्थापित एसएमआइ के धान क्रय केंद्र पर मार्केटिग इंस्पेक्टर मोहन सिंह टोलिया का घेराव कर आक्रोश जताया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसान की काफी उपज केंद्रों पर वाहनों में लदी हुई है।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कर्नाटक बैंक के साथ हाथ मिलाया

**संवाददाता** देहरादून। अपने ग्राहक–सबसे–पहले दृष्टिकोण के अनुसरण में, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आज कर्नाटक बैंक के साथ एक सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की, ताकि बड़ी संख्या में भारत के शहरों और कस्बों में ग्राहकों के लिए आसान वित्त विकल्प सक्षम किया जा सके। टाई–अप के बाद, कर्नाटक बैंक टीकेएम की ओर से बेचे जाने वाले वाहनों की पूरी श्रृंखला के लिए पसंदीदा फाइनेंसरों में से एक होगा। प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों पर वित्त विकल्प ग्राहकों के लिए उपलब्ध होंगे, जिनमें निजी और व्यावसायिक उपयोग दोनों के लिए टोयोटा वाहन खरीदने के लिए प्राथमिकता–प्राप्त क्षेत्र की योजनाओं के अंतर्गत आने वाले लोग भी शामिल हैं।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ ने रुड़की में खोली अपनी पहली शाखा

**संवाददाता** रुड़की। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ ने आज रुड़की में अपनी पहली शाखा खोली। नई शाखा को स्थानीय निवेशकों और वितरकों की सुविधा के लिए खोला गया है। ये शाखा शॉप नंबर 10, ग्राउंड फ्लोर, सिटी प्राइड, सिविल लाइंस, रुड़की, उत्तराखंड–247667 में स्थित है और कोई भी निवेशक या डिस्ट्रीब्यूटर फंड हाउस तक आसानी से पहुंच सकते हैं। शाखा का उद्घाटन गौरव मिश्रा, क्लस्टर मैनेजर,–देहरादून, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी और श्री अनुराग गोयल, ब्रांच मैनेजर, रुड़की, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी ने किया। इस अवसर पर श्री देवेश त्रिवेदी, क्षेत्रीय प्रमुख– यूपी और उत्तराखंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ ने कहा कि "हमें रुड़की में अपनी पहली शाखा का उद्घाटन करते हुए खुशी हो रही है।

# लापरवाही करने वालों को बक्सा नहीं जाएगाः महाराज

**संवाददाता** पौड़ी। प्रदेश के पर्यटन मंत्री एवं चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने सतपुली में बन रहे पर्यटक अतिथि गृह के निर्माण में हुए विलंब को लेकर जांच के आदेश दे दिये हैं।

उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश के पर्यटन मंत्री एवं चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज के मीडिया सलाहकार निशीथ सकलानी ने बताया कि सतपुली में बन रहे पर्यटक अतिथि गृह के निर्माण में हुए विलंब एवं लापरवाही को देखते हुए मंत्री जी ने उच्च अधिकारियों को जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

पर्यटन मंत्री के हवाले से उन्होंने कहा कि जिस स्तर पर भी निर्माण कार्य में लापरवाही बरती गई है उसकी जांच होगी और दोषियों को चिन्हित कर उन्हें दण्डित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सतपुली



सतपुली टीआरएच के निर्माण कार्य में हुए विलम्ब को लेकर महाराज ने दिए जांच के आदेश

में निर्माणाधीन 4.43 करोड़ की लागत से बनने वाले पर्यटक अतिथि गृह जिसका निर्माण पहाड़ी शैली में होना है यदि उसका निर्माण कार्य समय पर गुणवत्ता के साथ पूरा नहीं हुआ और किसी भी प्रकार का कोई विलंब या लापरवाही की गई तो दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।



## श्रेष्ठ नागरिक बनाने में सरस्वती शिशु मंदिर की भूमिका महत्वपूर्णः डा. धन सिंह

**संवाददाता** श्रीनगर गढ़वाल। कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर और सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल बच्चों को संस्कारित शिक्षा देकर उनके व्यक्तित्व का चहुंमुखी विकास करते हैं। श्रेष्ठ नागरिक बनाने में सरस्वती शिशु मंदिर और विद्या मंदिर की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। श्रीकोट गंगानाली में सरस्वती शिशु मंदिर और सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के अभिभावक और आचार्य सम्मेलन को संबोधित करते हुए डा. धन सिंह रावत ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर श्रीकोट और सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज श्रीकोट गंगानाली शैक्षणिक और खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी प्रदेश स्तर पर सर्वश्रेष्ठ परिणाम देते हैं। शिशु मंदिर और विद्या मंदिर की शिक्षण व्यवस्था से अभिभावक भी पूर्ण संतुष्ट रहते हैं। छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय की ओर से किए जाने वाले प्रयासों की भी उन्होंने भरपूर सराहना की।

# कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने अल्मोड़ा को दी 60 करोड़ 59 लाख की सौगात

**संवाददाता** अल्मोडा। प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने बुधवार को विकासखण्ड सल्ट स्थित पौराणिक मानिला देवी मंदिर परिसर में हुए निर्माण कार्यों का लोकार्पण और स्व. सुरेन्द्र सिंह जीना की मूर्ति एवं स्मारक का शिलान्यास सहित लोक निर्माण व सिंचाई विभाग की 60 करोड़ 59 लाख योजनाओं की सौगात दी।

## मानिला देवी मंदिर परिसर में निर्माण कार्यों के लोकार्पण और स्व. सुरेन्द्र सिंह जीना की मूर्ति एवं स्मारक का किया शिलान्यास

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने बुधवार को जनपद के सल्ट विकासखण्ड में 49.91 लाख की लागत से संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के अंतर्गत पौराणिक मनिला देवी मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण करने के अलावा संस्कृति एवं धर्मस्व विभाग के अन्तर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्याल्दे में 100.00 लाख की धनराशि से स्व. सुरेन्द्र सिंह जीना की मूर्ति सहित स्मारक के निर्माण का शिलान्यास भी किया।

इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने अल्मोड़ा जनपद में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित होने वाली 5589.23 लाख की धनराशि से स्वीकृत 13 सड़कों का तोहफा देने के साथ–साथ सिंचाई विभाग द्वारा स्वीकृत 320.08 लाख की चार योजनाओं की भी सौगात दी।

बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए सतपाल महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर है।

ऑलवेदर रोड़, ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेलवे लाइन सहित 18 हजार करोड़ रुपये की भारी भरकम धनराशि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने उत्तराखंड में विकास कार्यों के लिए दी है। जो कि न भूतो न भविष्यति है। इस अवसर पर स्थानीय विधायक महेश जीना, नंदन सिंह बंगारी, नंदन सिंह मनराल, मनवर सिंह, सहित अनेक लोगों मौजूद थे।

## कैलाश सत्यार्थी ने ४३वें जमनालाल बजाज पुरस्कार 2021 के विजेताओं का किया अभिनंदन

**संवाददाता** देहरादून। जमनालाल बजाज फाउंडेशन द्वारा आयोजित 43वां वार्षिक जमनालाल बजाज पुरस्कार 2021 समारोह आज संपन्न हुआ, जहां मानवतावादी एवं लोकोपकारी कार्यों के लिए चार व्यक्तियों का सम्मान एवं सत्कार किया गया। जमनालाल बजाज की जयंती पर या उसके आसपास प्रदान किए जाने वाले ये पुरस्कार गांधीवादी विचारों का अनुसरण करते हुए मानवतावादी एवं सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में किए गए लोगों के अनुकरणीय प्रयासों को मान्यता देते हैं।

चारों पुरस्कार विजेताओं का सम्मान एवं सत्कार मुख्य अतिथि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी (कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंस फाउंडेशन के संस्थापक), राहुल बजाज (जमनालाल बजाज फाउंडेशन के न्यासी बोर्ड के अध्यक्ष), डॉ. आर. ए. माशेलकर (फाउंडेशन की सलाहकार परिषद के अध्यक्ष), चयन समितियों के अध्यक्षों, फाउंडेशन की सलाहकार परिषद के सदस्यों तथा गणमान्य व्यक्तियों की गरिमापूर्ण उपस्थिति में किया गया।